EDII

Bhaskar News

March 21, 2024
Singrauli Waidhan

आत्मनिर्भरता

एनटीपीसी विंध्याचल ने सीएसआर के तहत दिलाया है महिलाओं को प्रशिक्षण

35 उद्यमशील महिलाओं ने प्राप्त किया मसाला उत्पादन का 5 दिवसीय प्रशिक्षण

भास्कर न्यूज | सिंगरौली (वैढ़न)

एनटीपीसी विंध्याचल में सीएसआर के तहत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से मसाला उत्पादन हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। यह प्रशिक्षण 15 से 19 मार्च तक आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को पांच दिन में प्रथम दिन उद्यमिता और उद्यमशील मानसिकता, टीम निर्माण, व्यवसाय मॉडलिंग पर डॉ. अंजनी के सिंह एवं सेडमेप संस्थान से जिला समन्वयक अशोक के. त्रिपाठी द्वारा महिलाओं की समझ बढ़ाई। दूसरे दिन रिसोर्स पर्सन हेमंत सिंह कोफाउंडर एंड फैसनिक एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड स्टार्टअप ऑफ आई 3 फाउंडेशन ने महिलाओं को प्रेजेंटेशन के माध्यम से सफल महिला उद्यमियों के उदाहरण प्रस्तुत कर बताया कि महिलाएं भी उद्यमशील बन सकती हैं। इन्होंने व्यवसाय नेटवर्किंग, ऑफलाइन और ऑनलाइन नेटवर्किंग के बारे में समझाया। ईडीआईआई से परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह कुशवाह ने महिलाओं को समूह उद्यम, सोसल मीडिया मार्केटिंग और नवाचार को अपने सत्र में समझाया। मसाला प्रोसेसिंग उद्यमी नीलेश कुमार शाह ने अपने जीवन के एक आम इंसान से उद्यमी बनने तक के तय सफर के अनुभव को महिलाओं के साथ साझा किया।

35 महिलाओं को उद्योग का भ्रमण कराया

तीसरे दिन डीआरपी पीएम एफएमई आलोक सिंह गहरवार ने महिलाओं को आपूर्ति श्रृंखला और इन्वेंटरी प्रबंधन विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त गरीब परिवारों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया। रविवार को 35 महिलाओं का दीपक मसाला उद्योग ग्राम देवरा, बिलौंजी का भ्रमण कराया, जहां महिलाओं ने मशाला एवं अन्य खाद्य सामग्री को कैसे प्रोसेस किया जाता है और उसे मशीन द्वारा कैसे पैकेज्ड किया जाता है आदि प्रक्रिया को लाइव देखा एवं मशाला उद्यमी नीलेश कुमार शाह से मार्केट डिमांड एंड सप्लाई पर सवाल जबाव किये।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए एनटीपीसी विंध्यनगर भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद सतत प्रयासरत है। प्रशिक्षण में एनटीपीसी के आसपास निवास करने वाली महिलाएं जो प्रतिदिन मेहनत कर अपन घर चलाती है, उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। महिलाओं ने बताया प्रशिक्षण में हमने जो सीखा है, वह हमें अपने उद्यम स्थापित करने और आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। जल्द ही सभी महिलाएं मसाला उद्यम स्थापित कर कार्य शुरू करेंगी।

उत्पाद विविधीकरण की दी जानकारी

चौथे दिन डीआरपी हार्टिकल्चर संजीव सिंह द्वारा बताया मार्केटिंग चैनल, बिक्री संवर्धन और गुणवत्ता पर किस प्रकार कार्य किया जाता है। पांचवें दिन के प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन प्रियंका लोधी, एक्सटेंशन ऑफिसर हार्टिकल्चर द्वारा उत्पाद विविधीकरण और विकास रणनीति एवं मसाला प्रोसेसिंग के बारे में अपने सत्र में समझाया। सीए नागेंद्र मिश्रा द्वारा फर्म रजिस्ट्रेशन और लघु उद्योग इंडस्ट्री के लिए क्यों आवश्यक है एवं कानूनी अनुपालन और दस्तावेजीकरण बताया।, एनयूएलएम से सिटी मैनेजर कृष्णा पटेल ने समूह उद्यम शुरुआत करने के गुर सिखायें।

इनका रहा सहयोग

यह पांच दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सरोजा फणि कुमार अध्यक्षा सुहासिनी संघ, सारिका चतुर्वेदी, अंजलि वशिष्ठ, शिल्पा कोहली, गार्गी प्रसाद, सरोज प्रसाद एवं सुहासिनी संघ कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सफल हो सका। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन पंकज वशिष्ठ, कार्यपालक नैगम संचार निखिल जायसवाल, अमित पटेल के साथ-साथ सीएसआर टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।